समता आन्दोलन समिति,
जयपुर ।

विषय :– पदोन्नति में आरक्षण विषय में समता आन्दोलन समिति के कार्यक्रमों को समर्थन देने बाबत ।

महोदय,

पदोन्नति में आरक्षण देश की जनता को जातिगत संघर्ष की ओर धकेलने वाला होने के कारण, इसके विरोध में आपके द्वारा किये गये, सभी प्रयासों का हमारा समाज एवं संगठन पूर्ण समर्थन करता है ।

इस सम्बन्ध में संसद में प्रस्तावित संविधान संशोधन बिल सम्पूर्ण देश एवं समाज के लिए घातक ही नहीं, विध्वंसकारी है । इसके लिए हम आपके द्वारा समय–समय पर आयोजित सभी कार्यक्रमों का समर्थन करते हैं, साथ ही संकल्प लेते हैं कि प्रस्तावित संवैधानिक संशोधन का समर्थन करने वाले अवसरवादी लोगों को भविष्य में इस समाज द्वारा कभी किसी प्रकार का सहयोग नहीं दिया जायेगा ।

आगामी 12 जनवरी, 2013 को उत्तर–प्रदेश में पदोन्नति में आरक्षण समाप्त करने वाले देश के प्रथम मुख्यमंत्री श्री अखिलेश जी यादव का जयपुर में नागरिक अभिनन्दन किया जा रहा है, इसका हम समर्थन करते हैं, ताकि अन्य प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों एवं राजनेताओं को भी प्रेरणा मिल सके। हमारे समाज/संगठन के प्रत्येक सदस्य को हम इस अभिनन्दन समारोह में लाने का प्रयास करेंगे।

शुभकामनाओं सहित ।

भवदीय,

9/1/13

देवेन्द्र सक्सेना "मधुकर"
राजस्थान प्रदेश महामंत्री
अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (रजि.)
ए–3 "देवजस" परिवहन नगर
खातीपुरा, जयपुर–302012
मो.–[illegible], 0141–2351992